## अवैध कारोबार से माफियाआ हो रहे मालामाल, सरकार को राजस्व चपत

# खुलेआम रेत का अवैध कारोबार: माफियाओं की दबंगई या जिम्मेदारों की सेटिंग से खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

रेत उत्खनन पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध कारोबार खुलेआम हो रहा है। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों एवं जिम्मेदारों से सेटिंग के बल पर यह अवैध कारोबार बेरोकटोक किया जा रहा हे। कागजों में खनन पूरी तरह बंद है, लेकिन जमीनी स्तर पर रेत की सप्लाई लगातार जारी है। जानकारों के अनुसार पिछले 6 से 8 महीनों में इस अवैध कारोबार से शासन को करोड़ो रुपए की राजस्व हानि हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक जिले में जुलाई 2025 में ठेका कंपनी द्वारा जिले की रेत खदानें सरेंडर कर दी गई थीं। इसके बाद से अब तक नई ठेका प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। जिले की 45 रेत खदानों में खनन और भंडारण पूरी तरह प्रतिबंधित होने के बावजूद शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक रेत की उपलब्धता बनी हुई है, जिससे प्रशासनिक दावों पर सवाल उठ रहे हैं।



### टीपी के दुरुपयोग से चल रहा खेल

रेत कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बाहर से आने वाली रेत के परमिट (टीपी) का दुरुपयोग किया जा रहा है। इन परमिटों का पुनः उपयोग कर जिले में अवैध उत्खनन की रेत खपाई जा रही है। स्थानीय स्तर पर सक्रिय सैंड सिंडिकेट इस पूरे खेल को संचालित कर रहा है, जिससे शासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।ठेका प्रक्रिया में अटका मामला बताया जाता है कि माइनिंग कॉर्पोरेशन द्वारा वर्ष 2025 में निकाला गया टेंडर भी विवादों में घिर गया था। पहले अनुबंध को लेकर मामला अटका, फिर कम दरों पर ठेका दिए जाने को लेकर विवाद बढ़ा और अंततः ठेका निरस्त कर दिया गया। ।बड़ा सवाल – रेत आ कहां से रही?खनिज विभाग के अनुसार जिले में फिलहाल किसी भी कंपनी या व्यक्ति को खनन या भंडारण की अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद खुलेआम रेत का परिवहन और बिक्री जारी है। विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन ये प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।

### किसके सह पर हो रहा खेल

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोक न लग पाने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस थाना के सामने से निकलते हैं रेत से भरे ओवर लोड ट्रक बड़वारा पुलिस थाना के सामने से रेत से भरे ओवर लोड ट्रक दोनों तरफ पटरा लगाकर रेत का नियम विरुद्ध परिवहन कर रहे हैं किसी ट्रक में तो नेम प्लेट भी नही रहती फिर भी ये रेत कारोबारी कानून को ही चुनोती देते हुए परिवहन किया जा रहा हैं इन लोगों के ऊपर कानून की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई नही होने से इनके हौसले बढ़े हुए है।

### कलेक्टर के आदेश को ठेंगा

कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा प्रशासनिक अमले को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जिला में कहीं भी रेत या खनिज का अवैध उत्खनन या परिवहन करते पाए जाने पर इन कार्यों में लिप्त लोगों के ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए एवम दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नही जाए इसके बावजूद बड़वारा थाना के सामने से ग्राम के मध्य से रेत से भरे ओवर लोड ट्रकों से रेत का परिवहन होना प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान लगा रहे हैं?



# ज्ञापन सौंप दी चेतावनी, 20 दिन में मांगे पूरी नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शुक्रवार को कलेक्टर आशीष तिवारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 20 दिनों में उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो प्रदेश भर में चरणबद्ध आंदोलन और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। ज्ञापन मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव हरप्रीत लक्की सिंह के नेतृत्व में अधीक्षक भू अभिलेख अधिकारी को सौंपा गया।

संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के 32 हजार संविदा कर्मचारी मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनकी मेहनत के कारण राज्य को कई राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं, लेकिन सरकार लगातार उनके हितों की अनदेखी कर रही है जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार सभी संविदा कर्मचारियों का तत्काल नियमितीकरण शामिल है। इसके अतिरिक्त, सामान्य प्रशासन विभाग की 2023 की नीति के तहत सभी कर्मचारियों को एनपीएस और स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने की मांग की गई है। अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वार्षिक वेतनवृद्धि, नियमित कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (CHO) के वेतन में पीबीआई (PBI) का समायोजन और पूर्व की तरह इंडिकेटर लागू करना शामिल है। मांगे पूरी नहीं होने पर वे कार्यों का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### आधी को युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत महामाया नगर में देर रात चाकूबाजी की घटना हुई। आपसी विवाद में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार बीती दरमियानी रात करीब 1 बजे महामाया नगर क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते हुए विवाद के बाद एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए। लहूलुहान हालत में युवक को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी एक सटोरिये का बेटा बताया जा रहा है। इधर घटना की सूचना मिलते ही एनकेजे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घायल की हालत नाजुक होने और बयानों के अभाव में फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। पुलिस संदेही की तलाश और मामले की जांच में गंभीरता से जुटी हुई है।

### महानदी में डूबने से युवक की मौत

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत महानदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बीती शाम की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मृतक की पहचान राजेंद्र यादव 30 वर्ष निवासी ग्राम रजवारा नंबर 01 थाना विजयराघवगढ़ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र 28 मई की शाम करीब 7:00 बजे महानदी ग्राम हथेडा के पास मौजूद था इसी बीच वह नदी में डूब गया। पानी में दम घुटने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बरही पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि युवक नदी के पास किस सिलसिले में गया था और हादसे के असली कारण क्या थे।

### समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक कल

**कटनी।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं पुनरीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक रविवार 31 मई को दोपहर 3 बजे से शासकीय तिलक महाविद्यालय में प्रस्तावित है। यह बैठक समान नागरिक संहिता के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य और प्रख्यात कानूनविद श्री अनूप नायर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक के सुचारू संचालन और समिति के सदस्य के सहयोग के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रभारी तहसीलदार-गैर न्यायालयीन, तहसील नगर कटनी आकाश नीरज को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नीरज उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष व सदस्यों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

### डन कालोनी में 'राहगीरी डे' का आयोजन कल

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा रविवार 31 मई को प्रातः 7 बजे से मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित डन कालोनी में 'राहगीरी डे' कैंपेन 2026 का आठवां भव्य आयोजन किया जाएगा। निगम प्रशासन की अनूठी पर आयोजित किया जाने वाला यह आयोजन नागरिकों को खुले आसमान के नीचे सुबह की ताजगी के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता और सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ने का माध्यम बनता जा रहा है। कार्यक्रम में योग, जुंबा, साइकिल रेस, स्केटिंग, खेल प्रतियोगिताएं, डांस, रंगोली एवं मैजिक शो जैसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित होंगी, जो हर आयु वर्ग के लोगों को फिट और सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करेंगी। वहीं फोर बिन प्रेजेंटेशन, प्लास्टिक प्रतिबंध जागरूकता, नुक्कड़ नाटक एवं हस्ताक्षर अभियान एवं स्वच्छता शपथ के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा।

## ग्राम पटौहा में बिना अनुमति के हो रहा था नलकूप खनन कार्य

# प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर अवैध नलकूप उत्खननकर्ताओं पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर नवीन नलकूप (बोर) खनन पर लगाये गये प्रतिबंध का उल्लंघन करने के मामले में रीठी थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जब्त किया गया है और उनके चालकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी द्वारा 25 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत पूरे कटनी जिले को 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक 'पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र' घोषित किया गया है। इस अवधि में बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार के नए निजी नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### देर रात दी गई दबिश, मौके से गाड़ियां जब्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मई की रात लगभग 11:30 बजे रीठी तहसीलदार सुश्री आकांक्षा चौरसिया को सूचना मिली थी कि ग्राम पटौहा (पटवारी हल्का नंबर 31) की भूमि खसरा नंबर 615 पर अवैध और प्रतिबंधित नलकूप खनन का कार्य हो रहा है। सूचना मिलते ही तहसीलदार, हल्का पटवारी प्रीतेश गुप्ता और ग्राम कोटवार रवि कुमार बेन के साथ मौके पर पहुँचे। मौके पर बोरिंग मशीन क्रमांक एमपी-19-एचए-4519 और बोरिंग कम्प्रेशन मशीन क्रमांक एमपी-31-जीए-0165 द्वारा अवैध रूप से खनन करते हुए पाया गया। टीम द्वारा अवैध बोरिंग का कार्य तत्काल रुकवाया गया।

प्रशासनिक दल द्वारा जब मशीनों के चालकों से नलकूप खनन के संबंध में वैध अनुमति या शासकीय दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी कागजात पेश करने में असमर्थ रहे। इसके बाद तहसीलदार के निर्देश पर दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर रीठी थाना परिसर में खड़ा कराया गया और थाना पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियों की पहचान प्रमोद कोल (निवासी मानिकपुर जिला सतना एवं अनरथ सिंह लोधी (निवासी किशनगढ़ जिला छतरपुर) के रूप में हुई। जबकि वाहनों का मालिक ब्रह्मदत्त पटेल (निवासी पुरैनी, कटनी) बताया जा रहा है।

मामले की जांच के दौरान वाहन मालिक ब्रह्मदत्त पटेल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। श्री पटेल ने अपने लिखित जवाब में दावा किया कि उनके वाहनों को खसरा नंबर 160 में वैध अनुमति के तहत काम पूरा करने के बाद वापस लौटते समय केवल भोजन करने के लिए खसरा नंबर 615 पर खड़ा किया गया था और वहाँ कोई खनन कार्य नहीं हो रहा था।

## कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा मासिक निरीक्षण (वेयर हाऊस बंद) के तहत शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम–व्हीव्हीपैट वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख–रखाव का भी अवलोकन किया।

# जिला सीईओ ने लापरवाह जीआरएस को किया अटैच, आधा मिलेगा पारिश्रमिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत कछारगांव छोटा के ग्राम रोजगार सहायक बालकिशन कटारे को शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए श्री कटारे को रोजगार गारंटी परिषद के निर्देशों और प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय कार्यों से विरत करते हुए जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में संलग्न किया है। सुश्री कौर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक ग्राम रोजगार सहायक को नियमानुसार निर्धारित पारिश्रमिक का 50% पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रस्ताव कड़ी कार्यवाही का सबब बना। ग्राम पंचायत कछार गांव छोटा के ग्राम रोजगार सहायक श्री कटारे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत हितग्राही सोनेलाल पटेल के 90 दिवस की मजदूरी की राशि अन्य मजदूरों के खाते में नियम विरुद्ध भुगतान की गई। इनके द्वारा आधार ई-केवाईसी सत्यापन कार्य एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में रुचि नहीं लिए जाने के फलस्वरुप की ई-केवाईसी कार्य का असंतोष जनक प्रतिशत 33.41और 44.20 रहा और वित्तीय वर्ष 2026-27 में लगभग 2 माह व्यतीत होने के बाद ग्राम पंचायत में सात कार्य प्रगतिरत होने के बावजूद मानव दिवस सृजित नहीं किया गए जो कठोर कार्रवाई के कारण बने।

ग्राम पंचायत कछारगांव छोटा के ग्राम रोजगार सहायक श्री कटारे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब चाहा गया किंतु संबंधित द्वारा प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं करते हुए पदीय कर्तव्यों के विपरीत शासकीय कार्यों में उदासीनता,लापरवाही एवं स्वेच्छाचरिता बरती गई। सीईओ कौर ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्राप्त निर्देशों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के संबंध में जारी मार्गदर्शिका एवं सेवा शर्तों के अनुसार निर्धारित समयावधि में विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

## न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित

# बालिका के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में एक अबोध बालिका के साथ हैवानियत करने वाले आरोपी को विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक आशुतोष द्विवेदी ने सशक्त पैरवी की।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि दिनांक 27.05.2026 को सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय ने आरोपी शिवकुमार पटेल उर्फ सोनू उर्फ भक्का 39 वर्ष निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, थाना कुठला को धारा 376 एबी भादवि, 5 (एम)/6 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)(v) एससी-एसटी एक्ट में 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास और 100-100 रुपये का अर्थदंड, धारा 363, 366 और 449 में 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास और 100-100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

घटना 10 सितंबर 2022 की रात की है। कैमोर थाना क्षेत्र में पीड़ित मासूम की मां अपने बच्चों को लेकर घर के अंदर सो रही थी। रात करीब 2 बजे जब उसकी आंख खुली तो साढ़े तीन साल की बच्ची गायब थी। परिजनों ने आसपास और एसीसी अमेहटा फैक्ट्री गेट के पास ढूंढना शुरू किया, लेकिन बच्ची नहीं मिली। डायल 100 को सूचना देने के बाद पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने फोन कर बताया कि बच्ची घर के पास खड़ी रो रही है। परिजन जब बच्ची के पास पहुंचे तो वह बुरी तरह रो रही थी। जब मां ने उसे शौच कराने की कोशिश की तो वह दर्द से चिल्ला उठी। जांच करने पर पता चला कि मासूम लहूलुहान थी। पूछने पर अबोध बच्ची ने बताया कि एक आदमी उसे उठाकर ले गया था और उसने उसके साथ गलत काम किया। परिजनों ने रात में ही घर के आसपास संदेही सोनू पटेल को घूमते देखा था। जब उसे पकड़कर लाया गया तो मासूम ने तुरंत उसकी पहचान कर ली। इसके बाद आरोपी सोनू मौका देखकर वहां से भाग निकला। परिजन गंभीर हालत में बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे और कैमोर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए देहाती नालसी के आधार पर विभिन्न गंभीर धाराओं और पॉक्सो व एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। विवेचना पूरी होने के बाद चालान न्यायालय में पेश किया गया।

विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक आशुतोष द्विवेदी ने न्यायालय के समक्ष सभी महत्वपूर्ण चश्मदीद गवाह, दस्तावेजी साक्ष्य और वैज्ञानिक व मेडिकल साक्ष्य प्रस्तुत किए। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों और पुख्ता सबूतों से सहमत होते हुए आरोपी को इस घिनौने कृत्य के लिए कड़ी सजा से दंडित किया।

## महापौर की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित

# वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स मामले में 10 करोड़ जमा करेगा ननि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी में शुक्रवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर विकास, स्वच्छता व्यवस्था, राजस्व संवर्धन एवं जनहित से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।



### प्रस्तावों पर विचार विमर्श

बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर निगम के विभिन्न कार्यों हेतु आउटसोर्स के माध्यम से मेन पावर, श्रमिकों, व्यक्तियों को उपलब्ध कराने की निविदा के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाकर कार्यालयीन कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्ताव पर शर्तो पर संशोधन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

वहीं प्रमोटर स्कीम के अंतर्गत कटनी रेलवे स्टेशन के पास विश्राम गृह क्रमांक 2 के स्थान पर वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स के संबंध में उच्च न्यायालय म.प्र.जबलपुर में विचाराधीन प्रकरण में पारित आदेशानुसार न्यायालय के समक्ष राशि रूपये 10 करोड़ जमा किये जाने का अनुमोदन सर्व सम्मति से किया गया। बैठक के दौरान ट्रेड लाइसेंस की वसूली, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यो हेतु आउटसोर्स श्रमिकों, स्वास्थ्य विभाग में पूर्व से कार्यरत अकुशल दैनिक वेतन श्रमिकों, जलकर शाखा में वसूली कार्य हेतु आउटसोर्स के माध्यम से कुशल श्रमिकों, की स्वीकृति एवं अतिक्रमण शाखा में कार्यरत पूर्व से आउटसोर्स श्रमिकों की कार्योत्तर सहित स्वीकृति अवधि बढ़ाये जाने संबंधी प्रस्तावों पर विचार विमर्श उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई।

### भवनों की अदला बदली

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ए.एच.पी घटक के 153 हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन सहित आदर्श कार्मिक संरचना अनुसार रिक्त पदों की पूर्ति एवं आई.एच.एस.डी.पी योजना के तहत 20 हितग्राहियों को आपसी सहमति के आधार पर भवनों के अदला बदली संबंधी प्रस्ताव पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की जाकर स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, सुभाष शिब्बू साहू, जयनारायण निषाद, उमेन्द्र कुमार अहिरवार ओमी, बीना संजू बैनर्जी, तुलसा गुलाब बेन, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, उपायुक्त शैलेष गुप्ता और श्रीमती प्रियंका झारिया सहित नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# करंट से बालक की थमी सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में शुक्रवार को करंट की चपेट में आने से एक 10 वर्षीय मासूम बालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामबाग अखाड़ा मोहल्ला निवासी सुनील कोल का 10 वर्षीय पुत्र प्रतीक शुक्रवार को घर के पास खेल रहा था। सुनील कोल के घर के ठीक सामने पड़ोसी द्वारा सुरक्षा के लिए लोहे के तारों की बाड़ी (जाली) लगाई गई है। बताया जा रहा है कि पड़ोसी द्वारा घर से खींचा गया बिजली का एक तार इस लोहे की बाड़ी के संपर्क में था। तार कहीं से कटा होने के कारण पूरी तार बाड़ी में तेज करंट प्रवाहित हो रहा था। मासूम प्रतीक खेलते-खेलते जैसे ही इस बाड़ी के संपर्क में आया, वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी घटना स्थल पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ थाना पुलिस और विद्युत विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली सप्लाई बंद करवाकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा आदि की आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूरी करने के उपरांत मासूम प्रतीक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ भेजा गया। जहाँ डॉक्टरों की टीम द्वारा शव परीक्षण (पीएम) किए जाने के बाद लाश अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दी गई है। पुलिस ने इस मामले में फिलहाल मर्ग प्रकरण दर्ज कर घटना की विस्तृत विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## खबर संक्षेप

### लंबित पंजीयन प्रकरणों पर तत्परता पूर्वक करें कार्यवाही

**कटनी।** मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत लंबित पंजीयन और अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तत्परता पूर्वक कार्यवाही करें। इसकी प्रगति की समीक्षा आगामी साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में की जाएगी। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनहितैषी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए शत प्रतिशत पात्र आवेदकों को लाभान्वित कराएं। इस जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाली ग्राम पंचायतों के विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजें।

### प्रशिक्षण लेने भोपाल जाएंगे दो तकनीकी अधिकारी

**कटनी।** जिले की ग्रामीण जलप्रदाय योजनाओं के बल्क ग्रामों की योजनाओं के दुरुस्त, सुचारु संचालन और संधारण हेतु प्रशिक्षण लेने हेतु जिले से दो तकनीकी अधिकारियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में उपस्थित होने के आदेश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने दिए है। अवगत होवें कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एकल ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं का निर्माण कार्य एवं मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन अंतर्गत भूजल एवं सतही जल स्त्रोतों के माध्यम से किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक अभिषेक त्रिपाठी सहायक यंत्री,जनपद पंचायत कटनी 1 जून से 6 जून तक एवं अमित गुप्ता उपयंत्री, जनपद पंचायत रीठी 8 जून से 13 जून तक नियत तिथियों में आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी भोपाल में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण प्रारंभ के एक दिन पहले प्रशिक्षण स्थल में उपस्थित होकर रिपोर्ट करेंगे।

### अभियान चलाकर जल स्त्रोतों के संरक्षण का दिया संदेश

**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर के जल स्त्रोंतों के आसपास स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित शनि मंदिर तालाब परिसर के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब के आसपास फैली गंदगी, प्लास्टिक कचरे एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर क्षेत्र की व्यापक साफ-सफाई की गई। निगम अमले द्वारा नागरिकों को जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा तालाबों में कचरा न फेंकने की अपील भी की गई। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल स्त्रोत केवल प्राकृतिक धरोहर ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। तालाबों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के अभियान संचालित कर नागरिकों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### सगमा में एक माह की श्रीराम कथा का शुभारंभ



**सिलौंडी।** समीपवर्ती ग्राम सगमा में एक माह की श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का वाचन चंद्रू लाल बागरी करेंगे। शुक्रवार को कथा के शुभारंभ में श्री राम कथा सुनने के महत्व को बताया। श्री राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है कि किसी प्रकार अपने मां पिता के वचन के पालन में पूरा जीवन वन में रहें।हम सभी को भी अपने मां पिता की आज्ञा में पालन करना होगा ।जिसमें ग्राम के सभी लोग शामिल होगे।

## समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड गेहूं खरीदी, किसानों की मेहनत को मिला सम्मान

# जिले ने रचा इतिहासः पहली बार हुआ 1 लाख 98 हजार 501 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी



मेहनतकश किसानों की अथक परिश्रम, अनुकूल कृषि प्रबंधन और जिला प्रशासन की सुव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था के चलते इस वर्ष कटनी जिले ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का नया इतिहास रच दिया है। जिले में पहली बार रिकॉर्ड 1 लाख 98 हजार 501 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया, जो कटनी जिले के गेहूं उपार्जन के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 42.42 फीसदी अधिक खरीदी हुई। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर इस साल जिले में सबसे पहले लघु एवं सीमांत किसानों से गेहूं की खरीदी की गई। इसके बाद मध्यम और बड़े किसानों से खरीदी की गई।

कलेक्टर श्री तिवारी के मार्गदर्शन और सतत मॉनिटरिंग में उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। खरीदी केन्द्रों में पारदर्शिता, त्वरित तौल, समय पर पंजीयन सत्यापन, बारदानों की उपलब्धता, पेयजल, छाया और बैठने जैसी सुविधाओं के कारण किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। यही वजह रही कि जिले के किसानों ने बड़ी संख्या में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय किया।

कलेक्टर द्वारा जिले में गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की गई। उन्होंने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये थे, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी गई थी।

### 343 करोड़ से अधिक का भुगतान

किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 343.72 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। किसानों से इस वर्ष 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया गया है। गेहूँ उपार्जन हेतु इस वर्ष कुल 52 हजार 991 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था। जबकि 37 हजार 76 किसानों द्वारा उपज की बिक्री की गई। वहीं कुल 41 हजार 78 स्लॉट बुक किये गये।

जिले में समर्थन मूल्य पर हुए गेहूं उपार्जन के मामले में तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी रहा। यहाँ कुल 8,218 किसानों से 35,445 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील बहोरीबन्द में 5,288 किसानों से 32,774 मीट्रिक टन गेहूं समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया गया। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील में 5,281 किसानों से 31,510 मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया गया। जबकि स्लीमनाबाद तहसील में 3,833 कृषकों से 23,888 मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया गया। रीठी तहसील में 3,825 किसानों से 22,780 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया। इसके अलावा कटनी व कटनी नगर तहसील में कुल 3,343 किसानों से 18,718 मीट्रिक टन और बरही तहसील में 3,192 किसानों से 17,261 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई। बड़वारा तहसील में 4,096 किसानों से 16,126 मीट्रिक टन खरीदी हुई है।

प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई। तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया गया।



## इटौली में श्रीमद्भावगत कथा का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिलौड़ी

सिलौंडी क्षेत्र के ग्राम इटोली में 24 से 31 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से करवाया जा रहा है। कथा का वाचन बरौंधा से पधारे महाराज मृत्युंजय चतुर्वेदी के द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक के द्वारा भगवान श्री कृष्ण और रूक्मणी विवाह की कथा को का प्रसंग सुनाया गया। संगीतकारों ने धार्मिक गीतों पर प्रस्तुति दी।

संध्या आरती के बाद क्षेत्र वासियों के आस्था का केंद्र श्री सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ आश्रम से महंत सीतारामशरण का कार्यक्रम में आगमन हुआ। महंत का बैंड बाजे कलश यात्रा के साथ स्वागत वंदन किया गया। भक्तों ने महंत का पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात महंत ने सीताराम संकीर्तन का गायन करते हुए भक्तों को बताया कि जन्म जन्मांतर के पुण्य प्रताप उदय होने के बाद अधिक मास जैसे पावन पर्व पर भागवत कथा का वाचन और श्रवण करने का सौभाग्य ग्रामवासियों को प्राप्त हुआ है। लगातार गांव में जिस प्रकार से हर वर्ष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है वह सराहनीय है और कथा का वाचन करने वाले भी विद्वान है।

कथावाचक गुरुदेव ने भी महंत की प्रशंसा करते हुए बताया कि जिस प्रकार से लगातार आपकी कथाओं के माध्यम से धर्म का प्रचार हो रहा है और हमारे इस कार्यक्रम में भगवान के जन्म के एक दिन पहले पहले संतश्री का आगमन होने पर यह प्रतीत होता है कि यह अनुष्ठान पूर्ण रूप से सफल हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीज का हो रहा भटकाव

# स्टाफ एवं संसाधनों की कमी का रोना स्वास्थ्य केन्द्र में चरमराई सुविधायें

हरिभूमि न्यूज ⏩ बड़वारा




बड़वारा आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र है। प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष सुविधाएं प्रदाय की जा रही हैं इसके बावजूद बड़वारा मुख्यालय में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित लैबटैक्निशियन के नही होने से क्षय रोग के मरीजों को अपने बलगम खखार की जांच करवाने में परेशानी हो रही है यदि किसी प्रकार जांच हो भी गई तो तीन चार दिन तक रिपोर्ट आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

### नियमित बीएमओ नहीं

बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थाई लेबटेक्निशियन को पदस्थ जाए ताकि स्वास्थ्य केंद्र अपने बलगम खखार की जांच करवाने आने वाले मरीजों को सहज सरलता से बेहतर इलाज उपब्ध हो सकें समय पर जांच हो सके व जांच रिपोर्ट भी शीघ्र ही उसी दिन मिल सके मरीजो को बार बार भटकना न पड़े। स्थाई बीएमओ की हो पदस्थाना सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में जब से पूर्व बीएमओ डॉ अनिल झामनानी का प्रमोशन होने पर वे बड़वारा से गए हैं तब से आज तक बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नियमित स्थाई बीएमओ उपलब्ध नही करवाया गया है जिसके चलते बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में मनमानी की स्थिति हावी है। ग्रामवासियों ने बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित बीएमओ उपलब्ध करवाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

गौरतलब है की कांग्रेस पार्टी के द्वारा बड़वारा में पूर्व में बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में स्थाई बीएमओ की मांग व अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन भी किया गया था जिस पर प्रशासन द्वारा अतिशीघ्र मांगों को पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया गया था किंतु आज तक कोई भी मांग शासन द्वारा पूरी नहीं करवाई गई। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बर्तमान बीएमओ के ऊपर तीन जगहों का भार है जिसमे बरही, जिला अस्पताल एवम बड़वारा शामिल हैं ऐसी स्थिति में उन्हें भी तीन जगहों का कार्य दायित्व संभालने में परेशानी हो रही है।

## राहगीरों एवं आमजनों को मिलेगा शीतल जल



विकासखंड बड़वारा में बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को आमजन व राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने नि:शुल्क वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। ठंडा पानी पिलाकर विधायक धीरेन्द्र सिंह बड़वारा, अनुराग गुप्ता मंडल अध्यक्ष महेन्द्र की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विकासखंड बड़वाराजनपद पंचायत की सीईओ, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं समस्त कर्मचारी सदस्यों ने इस पुनीत कार्य बारडोली वेलफेयर सोसाइटी की सराहना की। आम जनों को यह संदेश भी दिया कि हर कोई वस्तु जो घर की होती उसे जिस तरह संभाल के रखते है वैसे ही शासकीय या संस्था के वो हर वस्तु जो जनहितैसी है उनका संरक्षण करना हम सब की जिम्मेदारी। है इस लिए वाटर कूलर लंबे समय तक आपके उपयोग में कैसे हो सकता है इसके लिए चिंता करनी होगी। कार्यक्रम में बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी, रूपा बर्मन, माया गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, काशी विश्वकर्मा, राजेश कुमार चौधरी, रविकांत राय, गोविन्द बर्मन सहित संस्था के समस्त सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।



## बकरीद पर्व पर अमन-चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏩ उमरियापान

ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व उमरियापान क्षेत्र में परंपरागत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। उमरियापान के अँधेली बाग स्थित ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश और क्षेत्र में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। एसआई भरत सिंह मार्को ने बताया कि थाना उमरियापान क्षेत्र के अलावा परसेल, घुघरी और कछारगांव छोटा में भी मुस्लिम समाज द्वारा बकरीद की नमाज अदा कर पर्व मनाया गया। वहीं ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के कटरिया, भोपार, उमरपानी, पिपरिया पिंडरई, सनकुई और गनियारी गांवों में शांति एवं भाईचारे के साथ बकरीद का पर्व संपन्न हुआ। सिलौंडी चौकी प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि बरहटा और नेगई गांव में भी मुस्लिम समाज द्वारा नमाज अदा कर बकरीद मनाई गई।

नमाज के बाद बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बकरीद पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा मस्जिदों और ईदगाहों के बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग ने सुनाया फैसला

# ट्रेन में यात्रा के दौरान बैग व कपड़ों को चूहों ने कुतरा, यात्री को 15 हजार रूपये देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी



जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग कटनी ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक फैसला सुनाया है। आयोग ने ट्रेन यात्रा के दौरान चूहों द्वारा एक यात्री के बैग और कपड़ों को कुतरे जाने को 'सेवा में घोर लापरवाही' माना है। इस कृत्य के लिए रेलवे प्रशासन को उत्तरदायी ठहराते हुए आयोग ने पीड़ित यात्री को 15 हजार रुपये क्षतिपूर्ति प्रदान करने का आदेश जारी किया है।

प्रकरण के अनुसार नगर की आदर्श कॉलोनी के निवासी विपिन दुबे ने वर्ष 2020 में कटनी से कल्याण (मुंबई) स्टेशन तक की यात्रा के लिए वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में आरक्षण कराया था। यात्रा के दौरान उन्होंने अपने सामान को नियत व सुरक्षित स्थान पर रखा था। सफर के मध्य जब उन्होंने देखा तो चूहों ने उनके बैग को बुरी तरह कुतर दिया था, जिससे बैग में रखे कीमती वस्त्र और अन्य आवश्यक सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई।

यात्री द्वारा तत्समय रेलवे के संबंधित अधिकारियों से लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, किंतु प्रशासन की ओर से कोई संवेदनात्मक या संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। अंततः न्याय की आस में पीड़ित ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली।

मामले की विस्तृत सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कटनी ने रेलवे की दलीलों को खारिज कर दिया। आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि रेलवे प्रशासन यात्रियों से निर्धारित शुल्क वसूलने के बाद उन्हें एक सुरक्षित, स्वच्छ और गरिमापूर्ण यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के अपने विधिक दायित्व से विमुख नहीं हो सकता। यात्रा के दौरान चूहों की मौजूदगी और सामान का नुकसान होना सीधे तौर पर सेवा में कमी को दर्शाता है, जिससे उपभोक्ता को भारी मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक संताप से गुजरना पड़ा।

आयोग ने पीड़ित यात्री के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रेलवे को मानसिक एवं शारीरिक क्षति के लिये 5,000 रूपये, वाद व्यय 5,000 रूपये, क्षतिग्रस्त सामान का मुआवजा 5,000 रूपये देने के आदेश जारी किये हैं। मामले में आवेदक विपिन दुबे की ओर से शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता मौसुफ बिट्टू एवं अधिवक्ता प्रमोद तिवारी ने पैरवी की। उन्होंने तर्कों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि प्रीमियम श्रेणी में सफर करने के बावजूद यात्री को अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। न्यायालय के इस फैसले के बाद से यह मामला न केवल विधिक गलियारों में बल्कि पूरे शहर और रेल उपभोक्ताओं के बीच तीव्र चर्चा का विषय बना हुआ है।

## रोशन नगर में जलभराव की समस्या का होगा समाधान

# 15 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी



नगर निगम कटनी द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड अंतर्गत रोशन नगर में विभिन्न स्थानों पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता एवं एमआईसी सदस्यों की विशेष उपस्थिति में वार्ड के नागरिक अर्जुन अहिरवार एवं पुरुषोत्तम गौतम द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि बेहतर सड़क, नाली एवं स्वच्छता व्यवस्था किसी भी क्षेत्र के समुचित विकास की आधारशिला होती है। नगर निगम का प्रयास है कि प्रत्येक वार्ड में अधोसंरचना संबंधी सुविधाओं को मजबूत किया जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या आमजन के लिए परेशानी का कारण बनती है। इस सी.सी. नाली निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा गंदगी एवं जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।आपने नागरिकों से विकास कार्यों में सहयोग करने एवं नगर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने की अपील भी की।

क्षेत्रीय पार्षद ने रागिनी गुप्ता ने कहा कि वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से क्षेत्र में नाली व्यवस्था की मांग की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता के साथ स्वीकृत कराया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा आगे भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जाते रहेंगे। नागरिकों ने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि आगामी समय में भी वार्ड में इसी प्रकार विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

सड़क पर किसी घायल की तड़पती जिंदगी को बचाने के लिए बढ़ाया गया एक हाथ अब केवल इंसानियत की मिसाल ही नहीं बनेगा, बल्कि शासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में समय पर उपचार उपलब्ध कराने और आमजन को निसंकोच मदद के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से लागू की गई "राहवीर योजना" मानवता और संवेदनशीलता की नई पहचान बनकर उभर रही है।

योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीड़ित को दुर्घटना के बाद "गोल्डन ऑवर" यानी पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करता है, तो उसे शासन द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

दरअसल, कई बार सड़क हादसों में घायल लोग केवल इसलिए समय पर इलाज नहीं पा पाते क्योंकि राहगीर पुलिस कार्रवाई, पूछताछ या कोर्ट-कचहरी के झंझट के डर से मदद करने से बचते हैं। लेकिन अब शासन ने साफ कर दिया है कि घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पुलिस द्वारा किसी प्रकार की अनावश्यक पूछताछ या परेशान नहीं किया जाएगा। यही वजह है कि "राहवीर योजना" लोगों में भरोसा और संवेदनशीलता दोनों बढ़ा रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसी दौरान यदि घायल को त्वरित चिकित्सा मिल जाए तो उसकी जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसी महत्वपूर्ण समय को "गोल्डन ऑवर" कहा जाता है। शासन की यह योजना उसी जीवनरक्षक समय को केंद्र में रखकर तैयार की गई है।

योजना में उन गंभीर दुर्घटनाओं को शामिल किया गया है जिनमें पीड़ित को बड़ी सर्जरी की आवश्यकता हो, कम से कम तीन दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़े, मस्तिष्क या रीढ़ की गंभीर चोट हो अथवा उपचार के दौरान मृत्यु हो जाए। ऐसे मामलों में यदि किसी राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए घायल को अस्पताल पहुंचाया है, तो वह शासन के पुरस्कार और सम्मान का पात्र होगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आएं और मानवता का परिचय दें।

## खबर संक्षेप

### चोरी हुई तीन मोटर साइकिलें कीमती करीब डेढ़ लाख रुपये बरामद

**पवई।** वारदात में शामिल चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक अपचारी बालक भी शामिल फरियादी झल्लू सिंह पिता बसंत सिंह निवासी बखतरी, हाल निवासी पवई एवं शरद खटीक पिता दशरथ खटीक निवासी पवई द्वारा थाना पवई में अपनी-अपनी मोटर साइकिलें अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किए जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्राप्त रिपोर्ट पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 181/26 एवं 182/26 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले में सक्रिय वाहन चोरों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से चोरी गई तीनों मोटर साइकिलें बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### देशी एवं पारम्परिक भोजन स्वास्थ्य एवं जलवायु के अनुकूल

**पन्ना।** समर्थन संस्था द्वारा रिवाइटलाइजिंग रेनफेड एग्रीकल्चर नेटवर्क एवं वासान स्थानीय संस्था पृथ्वी टस्ट रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से बीज एवं खाद्य विविधता मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य पारंपरिक किस्मों से बने स्थानीय व्यंजनों को पुनर्जीवित करना, उनका संरक्षण करना तथा उनका दस्तावेजीकरण करना था। इस मेले में दो विकासखंडों के 12 गांवों से उत्साहपूर्वक सहभागिता देखने को मिली। प्रतिभागियों द्वारा लगभग 40 पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए।

# 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन उप-स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जनपद पंचायत अंतर्गत मंडल तारादेही के ग्राम समनापुर में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन उप-स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण स्थानीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य कर रही है। ग्राम समनापुर में नवीन उप-स्वास्थ्य केंद्र के प्रारंभ होने से समनापुर सहित आसपास के अनेक ग्रामों के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में उपचार के लिए लोगों को तेंदूखेड़ा अथवा दमोह जाना पड़ता था, जिससे समय के साथ आर्थिक भार भी बढ़ता था। अब इस स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। मंत्री लोधी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र प्रदेश की क्रमांक एक विधानसभा बने। इसी उद्देश्य के साथ क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य केंद्र का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने नवीन स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी का आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में मंत्री लोधी ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी समनापुर सरपंच इमरत यादव शहर अनेक लो उपस्थित रहे हो।

# गांव-गांव अवैध शराब और गौ-हत्या पर सख्त कार्रवाई की मांग

### भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र में बढ़ते अवैध शराब कारोबार और गौवंश की निर्मम हत्या के मामलों को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन ने बड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए चौकी प्रभारी गणेश दुबे को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि क्षेत्र में बीते दिनों तेलनघाटी के पास 11 भैंसों को गहरी खाई में धकेलकर निर्मम तरीके से मार दिया गया था, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की थी। वहीं दूसरी ओर बज्जू वासुदेव एवं इरशाद खान के खेत में करंट लगने से एक गाय की मौत का मामला सामने आया था, जिसकी पीएम रिपोर्ट में भी करंट से मौत की पुष्टि हुई है, लेकिन इस मामले में अब तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि गौवंश के प्रति ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं,



जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और पशु सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इसी के साथ संगठन ने क्षेत्र में तेजी से फैल रहे अवैध शराब कारोबार पर भी गंभीर चिंता जताई। ज्ञापन में कहा गया कि सिग्रामपुर चौकी क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे ग्रामीण समाज, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। शराब के कारण गांवों में आए दिन झगड़े, हिंसा और अशांति का माहौल बन रहा है।

संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि गौ-हत्या और अवैध शराब कारोबार दोनों मामलों पर कठोर कार्रवाई की जाए, दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और गांवों में शांति व्यवस्था बहाल की जाए। इस मामले में चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने बताया कि खेत में करंट से गाय की मौत के मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री को लेकर उन्होंने कहा कि जहां भी सूचना मिलती है, तत्काल कार्रवाई की जाती है और आगे भी सख्त निगरानी रखी जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग दोहराई।

# कृष्ण लीलाओं से भक्तिमय हुआ वातावरण



**बनवार।** नोहटा नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण के जन्म, पूतना वध, तृणावर्त वध और गोवर्धन लीला जैसे प्रसंगों को विस्तार से प्रस्तुत किया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। कथावाचक ने श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से प्रेम, करुणा और मानवता का संदेश देते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनाने की प्रेरणा दी। गोवर्धन लीला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रसंग हमें प्रकृति और गोवर्धन की रक्षा का संदेश देता है। कथा के दौरान भजनों और कृष्ण लीला पर आधारित गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर नितेंद्र सिंह लोधी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल ने हमें यह सिखाया कि जीवन में ऑक्सीजन का महत्व कितना बड़ा है, इसलिए हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगाँठ पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा आयोजन भव्य एवं दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ।

# राज्यमंत्री ने सुनी समस्याएं



**दमोह।** प्रदेश के सँस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आज प्रातः नोहटा कार्यालय में जबेरा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों के आमजनों से भेंट कर संवाद किया। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से अवगत कराया। राज्यमंत्री श्री लोधी ने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना और प्राप्त आवेदनों के उचित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# भगवान श्री कृष्ण वह विशाल वृक्ष हैं जो आंधियों में झुकता नहीं बल्कि आंधियों की दिशा मोड़ देता है - पं रवि शास्त्री

**दमोह.** स्थानीय अथाई आम चौपरा मार्ग पर स्थित श्रीदेव रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण वह विशाल वृक्ष हैं जो आंधियों में झुकता नहीं बल्कि आंधियों की दिशा मोड़ देता, एक दिन श्रीकृष्ण की दो पत्नियां सत्यभामा और जाम्बवंती श्रीकृष्ण की मां रोहिणी से जिद करने लगीं कि उन्हें कृष्ण बलराम की गोकुल ब्रज और वृंदावन वाली कथाएं सुननी हैं जाम्बवंती ने कहा कि यहां सभी श्रीकृष्ण के बचपन की कहानियां खूब कहते सुनते हैं वहीं सत्यभामा कहने लगीं कि मैंने तो राधा की भी कहानियां सुनी हैं मैंने रुक्मणि दीदी से पूछा तो वह भी हंस कर टाल देती हैं कोई हमें कुछ बताता ही नहीं है ये सब सुनकर वसुदेव की पहली पत्नी और बलरामजी की मां रोहिणी खूब हंसने लगीं पहले तो उन्होंने मना किया लेकिन जब दोनों ही बहुएं बहुत जिद करने लगीं तब उन्होंने कहा कि ठीक है मैं तुम दोनों को कृष्ण की बाललीला सुनाऊंगी लेकिन ध्यान रहे कि ये कथा कृष्ण और बलराम के कानों में न पड़ जाए अगर ऐसा हुआ तो दोनों ही इस कथा में इतना डूब जाएंगे कि फिर वे ब्रज की ओर ही चले जाएंगे. तब तुम सभी कुछ नहीं कर पाओगी इस पर सत्यभामा प्रसन्न होते हुए बोलीं, आप चिंता न करें मेरे पास एक योजना है हम सभी एक दिन रैवतक पर्वत पर मां अम्बिका के पूजन के लिए चलेंगे सुहागिन स्त्रियों के इस पूजन के लिए सभी इकट्ठा होंगी और इस तरह हमें एकांत भी मिल जाएगा ऐसी योजना बनाकर द्वारिका के राजमहल की सभी बहुएं श्रीकृष्ण की बालकथा सुनने के दिन का इंतजार करने लगीं तय दिन सभी बहुएं रोहिणी मां के साथ रैवतक पर्वत पर देवी अंबिका के मंदिर पहुंचीं यहां उन्होंने सुभद्रा को बाहर पहरे पर बिठा दिया और फिर सभी रोहिणी मां से कथा सुनने लगीं देवी रोहिणी ने देवकी और वसुदेव के विवाह से कथा का आरंभ किया कंस द्वारा आकाशवाणी को सुनना ऋषि की हत्या नवदंपति को कारागार में डालना और देवकी के छह पुत्रों की हत्या की घटना सुनकर सभी भावुक हो गईं माता रोहिणी एक-एक कर घटनाक्रम का वर्णन करती जा रही थीं फिर उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई कहा कि एक काली रात में कान्हा ने बहन देवकी के गर्भ से जन्म लिया इस दौरान वर्षा ऋतु का समय था और अपने पुत्र के प्राण बचाने के लिए स्वामी वसुदेव ने उफनती यमुना नदी को पार किया और कान्हा को गोकुल के पार पहुंचा दिया तुम सबके दाऊ बलभद्र को मैं पहले ही गोकुल पहुंचा चुकी थी कान्हा के गोकुल में पहुंचते ही सारी सृष्टि मुस्कुराने लगी दिन बीतने लगे और बलभद्र कान्हा की शरारतों अठखेलियों नटखट लीलाओं से सारा ब्रज खिलखिलाने लगा उसने बालपन में ही कंस के भेजे राक्षसों का वध कर दिया शकटासुर पूतना वकासुर अघासुर सभी का उद्धार किया माता रोहिणी कथा सुनाते जा रही थीं और उनकी बहुएं इस कथा के सागर में डूबती जा रही थीं उधर द्वार पर खड़ी सुभद्रा का भी यही हाल था क्योंकि यह सिर्फ कृष्ण और बलराम की ही कथा नहीं थी बल्कि उसके भी बचपन की बात थी सुभद्रा यह सब सुनते-सुनते जड़वत हो गईं रोहिणी कथा सुनाती जा रही थीं कृष्ण जब मुरली बजाना शुरू करते तो गोपियां अपने काम-धाम छोड़ देती थीं गायों के थन से खुद दूध झरने लगते रसोई में दूध उफन कर बह जाता तो चूल्हे पर रोटियां जल जातीं स्त्रियां श्रृंगार भूल जातीं काजल गाल पर लगा लेतीं कुमकुम होंठ पर मल लेतीं और ध्यान में बैठी गोपियां भी सुध भूल जातीं सबसे विचलित होती राधा, जो मुरली की तान सुनकर ही वन में दौड़ी चली जाती थीं उधर राजमहल में राज परिवार की स्त्रियों के न होने से हलचल मच गई कृष्ण बलराम ने सुना तो किसी अनिष्ट की आशंका से खुद सुभद्रा व अन्य सभी को खोजते हुए रैवतक मंदिर तक पहुंच गए वहां उन्होंने सुभद्रा को जड़ स्थिति में खड़े देखा तो वे भी वहीं खड़े हो गए उधर माता रोहिणी अपनी कथा सुनाने में ही मग्न थीं अपनी बालकथाएं सुनते सुनते तीनों भाई-बहन जड़वत हो गए उनके अस्तित्व खोने लगे नेत्र फैलने लगे हाथ-पैर लुप्तप्राय से लग रहे थे ऐसा लगता था कि जैसे शरीर से कोई धारा ही फूट पड़ी हो बाललीला का प्रसंग अंदर जारी था और इधर श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई और बहन के साथ परमलीला कर रहे थे इतने में देवऋषि नारद वहां पहुंचे प्रभु को इस रूप में देखकर वह भी विह्वल हो गए नारद मुनि के चेताने पर प्रभु अपने वास्तव में लौटे तो देवर्षि ने उनसे इसी स्वरूप में दर्शन की विनती की कहने लगे कि प्रभु मैंने जिस स्वरूप के दर्शन किए हैं मैं चाहता हूं कि धरतीलोक में चिरकाल तक आपका इस स्वरूप में दर्शन हों प्रभु ने कहा-देवर्षि जैसा आपने कहा है वैसा ही होगा कलिकाल में इसी रूप में नीलांचल क्षेत्र में अपना स्वरूप प्रकट करूंगा आपने जिस बालभाव वाले रूप में मुझे अंगहीन देखा है तब मेरा वही विग्रह प्रकट होगा मैं स्वयं अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए उनके बीच जाऊंगा अपने भाई-बहन के साथ मेरा ये स्वरूप जगन्नाथ के नाम से जाना जाएगा श्रीकृष्ण के दिव्य वाक्यों के अनुसार कलयुग में उसी दिव्य स्वरूप के विग्रह ने प्रकट होकर जगन्नाथ प्रभु के रूप में भक्तों को दर्शन दिया।

# निजी भूमि पर गंदे पानी की नाली निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

ग्राम सेमरा रामनगर के ग्रामीणों ने अपनी निजी लगानी जमीन पर सगरोन ग्राम के गंदे पानी की नाली निर्माण के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य को तत्काल निरस्त करने और निजी भूमि पर नाली निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जनपद पंचायत बटियागढ़ को एक आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा सगरोन ग्राम के गंदे पानी की निकासी के लिए जो नाली प्रस्तावित की गई है, वह उनकी निजी मलकियत की जमीन से होकर गुजर रही है। इससे उनकी कृषि भूमि और संपत्ति एवं मकानों को भारी नुकसान होगा। पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने बताया की इस नाली निर्माण का जो प्रस्ताव है उसके हिसाब से नाली की लंबाई आठ सौ मीटर से लेकर एक किलोमीटर के लगभग होगी लेकिन बही सरकारी रास्ते से थोड़ी गहराई वाली नाली खोदी जा सकती है जिसकी नाले से अधिकतम दूरी 70-80 मीटर होगी और लोगो का नुकसान भी नहीं होगा। साथ ही विवादो से भी बचा जा सकेगा। इस लिए इस नाली निर्माण प्रस्ताव को निरस्त कर कम दूरी वाली और सरकारी भूमि में से नाली बनाने पर विचार कर प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए। कृपाल सिंह राजेंद्र सिंह, भगत सिंह बहादुर सिंह धर्मेंद्र सींग, कैलाश सींग, पूरन सींग, किसुन सींग, साहब सींग, परम सींग, उजियार सींग सहित भरी संख्या में ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया।

# भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 331वीं जयंती



**मगरोन।** ग्राम मगरोन में अखिल भारतीय गडरिया महासभा के तत्वावधान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी की 301वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिसमें राज्य मंत्री लखन पटेल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए साथ में धर्मेंद्र कटारे जिला उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल कुशवाहा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस अवसर पर ग्राम मगरोन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ माता अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण और आरती के साथ हुआ। गाजे-बाजे और पारंपरिक नृत्य के साथ निकली इस यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। महासभा के वक्ताओं एवं अतिथियों ने उनके जीवन और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें न्याय और कुशलता की प्रतिमूर्ति बताया। इस आयोजन ने क्षेत्र में आपसी भाईचारे और समरसता की अनूठी मिसाल पेश की। कार्यक्रम के समापन पर महासभा द्वारा सभी सहयोगियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान भारी संख्या में मातृशक्ति और युवा वर्ग उपस्थित रहा।

# दो पेटी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**बटियागढ।** थाना केरबना चौकी अंतर्गत ग्राम गूगरा कलां में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर एक आरोपी के कब्जे से दो पेटी अवैध शराब सहित मोटरसाइकिल वाहन पकड़वाया है। बताया गया है कि संगठन के कार्यकर्ता दुर्गा चालीसा पाठ में सम्मिलित होने जा रहे थे तभी अचानक सामने से आ रही मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति संगठन के कार्यकर्ताओं को देखकर भागने का प्रयास किया। तभी संगठन के कार्यकर्ताओं ने तत्काल चौकी प्रभारी शिवनारायण यादव को सूचना दी। पुलिस ने पर पहुंचकर आरोपी से पूछताछ में 100 पांव लाल मसाला कुल 02 पेटी शराब जब्त की आरोपी से पूछताछ में शराब सम्बंधित कोई कागजात मौके पर नहीं मिले। आरोपी सीगोन निवासी लगातार अवैध रूप से क्षेत्र में शराब सप्लाई करता है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार तेजी से चल रहा है। भीषण गर्मी के बीच भी अपनी सभी जगह पर नहीं पहुंच रहा है। मगर शराब घर-घर पहुंच रही है युवा पीढ़ी बर्बाद होती जा रही है कई माता बहनों की शराब के कारण मांग का सिंदूर उजड़ गया है। इतना होने के बाद भी शराब माफियाओं को पुलिस का कोई भय नहीं रहता है। पुलिस द्वारा शराब वाहन जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# साध्वी दुर्घटना मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** जैन साध्वियों की दुर्घटना में हुई मृत्यु के मामले को लेकर शुक्रवार को श्री राम उत्सव समिति एवं सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नागरिकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की अनुपस्थिति में ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा गया। समिति के संयोजक विक्रांत गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जैन समाज सहित सर्व हिंदू समाज के अनेक लोग शामिल हुए। ज्ञापन में हाल ही में हुई आर्यिका माताजी की दुखद मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि प्रथम दृष्टया यह घटना केवल सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं प्रतीत होती, बल्कि इसमें कई गंभीर तथ्य सामने आ रहे हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। समाज की ओर से मांग की गई कि प्रकरण की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए तथा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत समाज और धार्मिक परंपराएं भारत की सांस्कृतिक पहचान हैं तथा ऐसी घटनाएं समाज में भय और आक्रोश उत्पन्न करती हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज एवं सर्व हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे। ज्ञापन में अशोक तारण पंथी, अमरदीप जैन लालू, विवेक जैन राम, सनी गांधी, विकल्प जैन, लकी जैन, शोभित गुप्ता, प्रासुक जैन, अभिषेक जैन, भूपेंद्र राय, शिवम रायकवार, बंटू गांगरा, हर्ष पटेल, विनोद राठौर मौजूद रहे।

# भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाई ईद उल अजहा

### नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर दी मुबारकबाद, प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फुटेरा कला में ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। ग्राम स्थित हुसैनी जमा मस्जिद मैदान में सुबह 8 बजे ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज हजरत सैयद तौसीफ मुंशिफ जाफरी अल मदारी साहब द्वारा अदा कराई गई, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम एवं सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी एवं हुसैनी नौजवान कमेटी के सदस्य व्यवस्था संभालते हुए मौजूद रहे। वहीं बटियागढ़, फुटेरा, आजनी, बेलखेड़ी, मांगरोन सहित आसपास के क्षेत्रों में भी ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी, थाना प्रभारी रजनी शुक्ला, फुटेरा चौकी स्टाफ, पुलिस बल एवं राजस्व विभाग से पटवारी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कटारे, कांग्रेस नेता राजेश राय, जनपद सदस्य राजा राय, प्रेम सिंह चक्की वाले सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गांव के हिंदू भाइयों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की सुंदर मिसाल देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि बटियागढ़ क्षेत्र सदैव प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक रहा है, जहां सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं।

### भाजपा दीनदयाल नगर मंडल की शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय नेतृत्व की मंशानुरूप भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल नगर मंडल द्वारा मंडल के सभी शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में शक्ति केंद्र क्रमांक-08 (मागंज वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3) की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के आतिथ्य में पार्षद बालकृष्ण यादव के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ सशक्तिकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र अहिरवार, मंडल महामंत्री महेंद्र अहिरवार, मंडल उपाध्यक्ष बालकृष्ण यादव, शक्ति केंद्र प्रभारी राहुल पाठक, मंडल मंत्री रितु पांडे, पार्षद गणेश जाटव, शक्ति केंद्र संयोजक आलोक मुखरैया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजुल चौरहा, गौरव चौरहा, सत्यम चौबे, शिवप्रसाद प्रजापति, गौरव यादव, मधु गुरु, राकेश राय तथा बूथ अध्यक्ष, बीएलए-02 एवं 'मन की बात' के प्रभारीगण उपस्थित रहे।

चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान, लाखों का माल जलकर खाक

# तेंदूपत्ता से लदा ट्रक रात दो बजे बना आग का गोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



जबेरा थाना की सिग्रामपुर चौकी अंतर्गत गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे गुबरा सिहोरा रोड स्थित कुसमी मानगढ़ पुल के पास उस समय हड़कंप मच गया जब तेंदूपत्ता से लदे एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरा वाहन आग की लपटों में घिर गया और कुछ ही मिनटों में ट्रक जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक सामान्य गति से सड़क से गुजर रहा था, तभी अचानक उसमें आग की लपटें उठने लगीं। सूखा तेंदूपत्ता भरा होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। स्थिति को भांपते हुए चालक शैतान सिंह और परिचालक सानू आठिया ने सूझबूझ दिखाते हुए चलते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और दोनों सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार ट्रक में करीब 19 टन तेंदूपत्ता लदा हुआ था, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पूरा माल भी आग में जलकर पूरी तरह खाक हो गया। बताया जाता है कि यह नया ट्रक गुजरात से तेंदूपत्ता लोड कर पश्चिम बंगाल की ओर दमोह होते हुए जा रहा था। ट्रक दमोह निवासी रोहित राजपूत का बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है, हालांकि चालक ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। गनीमत रही कि आग का गोला बना ट्रक आबादी क्षेत्र से दूर सड़क किनारे जाकर रुक गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

हाईडेलबर्ग सीमेंट द्वारा पर्यवरण संरक्षण के प्रति किया जा रहा जागरूक...

# ग्रामीणों ने मानसून पूर्व घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड नरसिंहगढ़ प्लांट दमोह यूनिट हेड के नेतृत्व एवं क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का दस दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिले की पथरिया तहसील अंतर्गत सूखा एवं जगथर गांवों में बड़े उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। यह कार्यक्रम एचआर एवं एडमिन हेड विकास कुमार एवं उनकी टीम की एक सराहनीय पहल रही। 28 मई 2026 को आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 200 ग्रामीणों, किसानों, युवाओं एवं बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "क्लाइमेट एक्शन" एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण विभाग प्रमुख अशोक तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणों को "लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (LiFE)" की महत्ता के बारे में जानकारी दी तथा वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण एवं हरित जीवनशैली अपनाकर स्थानीय तापमान में कमी लाने जैसे पर्यावरण अनुकूल उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यक्तिगत जिम्मेदारी एवं सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया। श्री तिवारी ने यह भी बताया कि हाइडेलबर्गसीमेंट इंडिया लिमिटेड अपनी ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत भाग नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त कर हरित पहल को लगातार बढ़ावा दे रही है। उन्होंने जानकारी दी कि कंपनी द्वारा विभिन्न पर्यावरणीय अभियानों के अंतर्गत लाखों पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिससे वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप लगभग 1.2 डिग्री तापमान कमी में योगदान मिला है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किए गए छोटे-छोटे सतत प्रयास पर्यावरण संरक्षण में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मानसून पूर्व अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने हाइडेलबर्गसीमेंट इंडिया लिमिटेड द्वारा गांव-गांव जाकर चलाए जा रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान एवं सामुदायिक सहभागिता की सराहना की। यह आयोजन मायसेम सीमेंट, दमोह द्वारा संचालित 10 दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आसपास के गांवों में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में "क्लाइमेट एक्शन" की वैश्विक थीम को केंद्र में रखते हुए यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हरित एवं सुरक्षित भविष्य के लिए व्यावहारिक संकल्प आवश्यक हैं।

## युगल लोक गीतों का प्रसारण आज

**दमोह।** नगर के कलाकार नंदराम तिवारी का आज 30 मई को आकाशवाणी छतरपुर से युगल लोक गीतो का सीधा प्रसारण किया जा रहा हैं, जिसमें पूजा रूपा तिवारी, नंदराम तिवारी के द्वारा शाम 6.30 बजे से युगल लोक गीतों का प्रसारण करेंगें। वहीं दिनांक 31 मई को दूसरा प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से सुबह 9 बजे से 9.30 बजे तक नंदराम तिवारी के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर राहुल तिवारी, कृष्ण कुमार चौबे, डॉ. बबीता चौबे, जमना रैकवार, अभिषेक मिश्रा, महेश संदेला सहित सभी कला प्रेमियों ने बधाई प्रेषित की हैं।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत धनेटा ग्राम के समीप रात 8 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी इस हादसे में दो लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार शेख अल्ताफ पिता शेख अमीन उम्र 22 वर्ष शोहिल पिता मेहबूब खान उम्र 25 वर्ष दोनों घायल ग्राम धनेटा निवासी हैं जो ससनाकला से वापस अपने घर धनेटा आ रहे थे जिन्हें पीछे से अज्ञात कार ने टक्कर मार दी है। घायलों का स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## अघोषित बिजली कटौती बर्दास्त नहीं- हर्ष यादव



**दमोह।** जिले में आम जनता पर मंहगाई की मार तो चल ही रही है उस पर म.प्र. शासन की भाजपा सरकार पूरे जिले में अघोषित बिजली इस भीषण गर्मी के दिनों में कर रही है जिसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जबलपुर नाका स्थित विघुत कार्यालय पहुंचकर सैकड़ो कांग्रेसियों में अधीक्षण यंत्री को वर्तमान में हो रही समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि भारी भरकर बिजली बिल तो दिये जा रहे है किन्तु व्यवस्थाओं के नाम पर यह फिसड्डी साबित हो रहे है अघोषित बिजली कटौती बर्दास्त नहीं की जायेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से नवजात शिशु वृद्धजन बीमार व्यक्ति असमय इनकी लचर व्यवस्थाओं से परेशान है। पूर्व विधायक अजय टंडन, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि बिजली विभाग के न तो शिकायती शाखा के नबंर लगते है न कि किसी अधिकारी के बिजली की आखमिचौली जिले का पूरा सिस्टम परेशान है। इस अवसर पर जिले के अनेको ब्लाक अध्यक्षों, मंडलम एवं कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## 18 किलो 520 ग्राम अवैध गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



**दमोह।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नोहटा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 किलो 520 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 2,77,800 रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलदगी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। 28 मई 2026 को नोहटा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि घाट बमोरी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर दबिश दी गई, जहां तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णचंद्र धल (56 वर्ष), निवासी युवराजपुर थाना सुबलया जिला सुबरपुर उड़ीसा, लता साहू (23 वर्ष) एवं शांति लता प्रधान (21 वर्ष), निवासी जिला संबलपुर उड़ीसा शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे से कुल 18 किलो 520 ग्राम गांजा जब्त कर उन्हें माननीय न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक पटेल सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा। टीम में बनवार चौकी प्रभारी सउनि मनीष यादव सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप मच गया है। मामले की आगे जांच जारी है।

## जागेश्वर धाम बांदकपुर में होगा विशाल भंडारा

**हिंडोरिया।** मां नर्मदा रसोई परिवार के द्वारा जागेश्वर धाम बांदकपुर में पूर्णिमा 31 मई 2026 दिन रविवार को विशाल पांचवे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है यह विशेष रूप से पूर्णिमा के अवसार पर आने वाले सभी भक्तों के लिए निःशुल्क किया जा रहा है। मां नर्मदा रसोई परिवार के संयोजक शास्त्री मनोज तिवारी ने बताया कि प्रत्यक माह की पूर्णिमा को जागेश्वर धाम बांदकपुर स्थान सोमेश्वर धर्मशाला परिसर में भोले बाबा के दरबार में आने वाले समस्त सनातनी भक्तों के लिए यह भंडारा किया जा रहा है जिसमें स्वादिष्ट पूरी, सब्जी, खीर, कड़ी, चावल, का महाप्रसाद सम्मान पूर्वक बिठाकर वितरित किया जाएगा । मां नर्मदा रसोई परिवार के सदस्यों ने सनातनी भक्तों से आग्रह किया है कि वो अधिक अधिक से संख्या में पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण करे।

## 27 मील पर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया



**दमोह।** एसडीएम तेंदूखेड़ा छोटेगिरी गोस्वामी ने बताया 27 मील शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था मौके पर कार्य बंद कर प्रकरण दर्ज किये गए । एसडीएम तेंदूखेड़ा श्री गोस्वामी ने बताया बीते दिनों कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने ग्राम पाठादो में रात्रि विश्राम किया था, ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई की एक जगह में सुलेमानी पत्थर जो गुड़िया के रूप में होते हैं की खुदाई मंडल के 20-25 लोग कर रहे हैं, जबलपुर का एक व्यक्ति 200 से 300 रुपए में एक नग को खरीदता है बताया गया, मौके पर उन सभी को रोका गया और समझाइश दी गई है कि वे यहां से चले जाये वरना उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

डीपी पर बैठने से हुआ हादसा, वन विभाग ने कराया पीएम

## गुंजी में करंट लगने से तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत



**बनवार।** दमोह जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंजी में तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की करंट लगने से मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे को सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी एवं टीम को मौके पर रवाना किया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां तीनों मोर मृत अवस्था में पाए गए। वन विभाग द्वारा पंचनामा कार्रवाई पूरी कर तीनों मोरों का पोस्टमार्टम कराया गया तथा अंतिम संस्कार की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। बताया जा रहा है कि तीनों राष्ट्रीय पक्षी मोर विद्युत डीपी पर बैठे हुए थे, तभी एक-एक कर करंट लगने से उनकी मौत हो गई। एक मोर डीपी से चिपक गया, दूसरा तड़पते हुए नीचे गिर गया, जबकि तीसरे की भी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद वन विभाग में भी शोक का माहौल देखा गया। डीएफओ ईश्वर जरांडे ने बताया कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और पूरी घटना की जांच की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

### संबंधित एजेंसियां रोड मार्किंग, चेतावनी संकेत तथा सुरक्षा संबंधी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण सुनिश्चित किया जाए-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है, ब्लैक स्पॉट हैं जहां पर सर्वाधिक घटनाएं होती हैं और सर्वाधिक जाने लोगों की गई हैं, इसी उद्देश्य को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी एवं सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, कर्व को कम करने आदि इन सब बातों पर बैठक में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा जहां पार्किंग स्थल, सब्जी मार्केट, सड़क पर लग रहा हैं, सब्जी वाले या फ्रूट्स वाले सड़क पर दुकान लगा रहे है, बैठक में तय किया गया है, शीघ्र पार्किंग स्थल निर्धारित किए जाएंगे, सब्जी मार्केट निर्धारित किया जाएगा ताकि सब्जी मार्केट में सब्जी की दुकानें लगे, यातायात व्यवस्था प्रभावित ना हो। बैठक में रणनीति तय की गई कि आगे क्या कार्रवाई आपेक्षित है जिससे कि जिले ओर नगर में जो सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं या जो जानें जा रही हैं, उन पर विराम लगाया जा सके। बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने कहा चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्र में गति सीमा निर्धारित की जाए, रोड मार्किंग एवं चेतावनी संकेत लगाए जाएं तथा सुरक्षा संबंधी कार्य समय बद्ध रूप से संबंधित एजेंसियां पूर्ण करें। उन्होंने शहर के बीचो बीच पार्किंग स्थल चिन्हित करने ट्रैफिक पार्क विकसित करने तथा यातायात संचालन को सुव्यवस्थित करने पर संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था से जुड़े कार्य प्राथमिकता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं जिससे आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने भी यातायात व्यवस्था के संबंध में अहम दिशा निर्देश यातायात विभाग के अधिकारियों और संबंधित विभागों को दिए।

# प्रचंड गर्मी में जीवनदाता बने पेड़, संरक्षण जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग में नौतपा की जिस दिन से शुरूआत हुई है उस दिन से प्रचंड गर्मी पड़ रही है जैसा कि कहा जाता है कि नौतपा में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है, वह हकीकत में देखने मिल रही है। तापमान नौ तपा शुरू होने के पहले दिन से 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। सूरज की तीखी तपन, गर्म हवा, और सड़कों पर सन्नाटा यह सब नौ तपा में देखने को मिल रहा है।

लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। शहरों से लेकर गांवों तक गर्म हवाओं और लू का असर साफ दिखाई दे रहा है।

विकास कार्यों, चौड़ीकरण और सड़क निर्माण परियोजनाओं के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई लगातार जारी है, जिसका असर अब सीधे पर्यावरण और आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। हाईवे और प्रमुख सड़कों के दोनों किनारों से बड़े-बड़े पेड़ लगभग गायब हो चुके हैं, जिससे दूर-दूर तक छांव नजर नहीं आती। भीषण गर्मी के बीच अस्पताल के पास लगे पेड़ लोगों के लिए राहत का बड़ा सहारा बने हुए हैं। मरीजों के परिजन, राहगीर और आम नागरिक इन पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। जहां पेड़ हैं, वहां तापमान अपेक्षाकृत कम महसूस होता है, जबकि बिना हरियाली वाले क्षेत्रों में गर्मी और अधिक परेशान कर रही है, लोग बेहाल हैं।

### जनभागीदारी जरूरी

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर बड़ा होने तक उसकी देखभाल करनी चाहिए। यदि समय रहते हरियाली बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में गर्मी और भी भयावह रूप ले सकती है।

### पेड़ हैं जीवन का आधार

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि तापमान नियंत्रित करने, वर्षा संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने और भूजल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ों की जड़े मिट्टी को बचाती है और जैव विविधता को सुरक्षित रखती हैं। एक बड़ा पेड़ हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाता है।

# खामखेड़ा गांव पहुंचा कृषि रथ



**हिंडोरिया।** कृषि रथ नगर परिषद हिंडोरिया क्षेत्र में एवं खामखेड़ा गांव पहुंचा जहां पर किसानों को खेती की नई तकनीकी और शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही किसानों को जागरूक भी किया गया ।मध्यप्रदेश शासन द्वारा खेती को लाभ का धंधा बनाने और किसानों की आय दुगनी करने के उद्देश्य से किसान कल्याण कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारियां उपलब्ध कराई गई ।कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र में कृषि संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें आगामी खरीफ मौसम की तैयारीयों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विस्तार अधिकारी शिवांशु गुप्ता एवं देवी सिंह (iffco) ने बताया कि किसानों को खरीफ फसलों जैसे सोयाबीन ,मक्का और उन्नत किस्म की समय पर बुवाई, बीज उपचार और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के बारे में बताया साथ ही फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन हेतु संबंधित उपाय की जानकारी दी ।इसके अलावा उनके द्वारा ही विकास प्रणाली अंतर्गत ई टोकन के माध्यम से खाद एवं उर्वरक वितरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषण तत्व ,फसल विश विविधीकरण , नरवाई प्रबंधन ,संतुलितउर्वरकों काउपयोग आदि की जानकारी दी गई । साथ हीकिसानों द्वारा कृषि संबंधी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं पर चर्चा की गई जिसका समाधान कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परम सींग, गोविंद सीग, गणेश चौरसिया, कोमल कुशवाहा, पंचम सींग सहित कई किसान मौजूद रहे।